# वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय बरेली

## वार्षिक आख्या सत्र–2022–23

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि आज हम महाविद्यालय के वार्षिक अलंकरण समारोह के अवसर पर यहाँ एकत्रित हुए हैं। बरेली नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था के रूप में प्रतिष्ठित वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली की स्थापना दिनांकः 01.07.1996 को, महिला शिक्षा के पुनीत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु की गयी। बरेली महानगर एवं समीपवर्ती क्षेत्रों की छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं उत्तम शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने तथा छात्राओं की शिक्षणेत्तर प्रतिभा का निखारने हेतु कृत संकल्प, यह महाविद्यालय विगत 26 वर्षों से शिक्षा जगत में एक सुदृढ़ स्तम्भ की भाँति अपना स्थान बनाये हुए है।

वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर पर ,कला संकाय के चार विषयों गृहविज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं संगीत तथा  विज्ञान संकाय के वनस्पति विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर लगभग 2600 छात्रायें अध्ययनरत हैं।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य को जिला एवं मण्डल स्तरीय पर नोडल अधिकारी के रूप में मिशन शक्ति, आजादी अमृत महोत्सव, स्वीप, पौधा रोपण, सड़क सुरक्षा सप्ताह, महिला दिवस इन कार्यक्रमों में नामित किया गया।

महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों तथा प्रशासनिक कार्यों के सुगम संचालन हेतु महाविद्यालय में विभिन्न परिषदों तथा समितियों का गठन किया गया है। महाविद्यालय के प्राध्यापक छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा देने तथा पाठ्यक्रम सहगामी व प्रसार गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण हेतु सतत् प्रयत्नशील रहते हैं। शिक्षणेत्तर गतिविधियों के रूप में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स यूनिट, क्रीड़ा परिषद, सांस्कृतिक व विभागीय परिषदें कियाशील हैं। साथ ही आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमैण्ट सैल, शास्ता मण्डल एवं Grievance Redressal Cell, महिला प्रकोष्ठ, पुरातन छात्रा एवं अभिभावक परिषद इत्यादि शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से अपने कार्यों का कुशलतापूर्वक निष्पादन करते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में आजादी अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत दिनांक 29.07.2022 को अन्र्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया गया।

महोदय, अत्यन्त गर्व का विषय है कि विश्वविद्यालय परीक्षा–2022 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न कक्षाओं में परीक्षाफल उत्तम रहा।

महोदय, महाविद्यालय का हरा–भरा, पुष्पाच्छादित एवं वृक्षों की कतारों से सुसज्जित मनमोहक परिसर महाविद्यालय के पर्यावरण प्रकोष्ठ के अथक् प्रयासों का प्रतिफल है। परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने के दायित्व का वहन् महाविद्यालय के पर्यावरण प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेंजर्स इकाइयों के द्वारा मिल–जुल कर किया जाता है।

सत्र के प्रारम्भ में माह अगस्त, 2022 तथा सितम्बर, 2022 के मध्य तक विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। जुलाई के मध्य से नियमित कक्षाओं का चलना प्रारम्भ हुआ। स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरिएटेंशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य नवीन छात्राओं को नई शिक्षा

नीति के अनुसार होने वाली शिक्षण व्यवस्था, शिक्षणेत्तर कार्यक्रम, नवीन सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार परीक्षा कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया गया।

देश का 76 वां स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ''हर घर तिरंगा सप्ताह'' के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 मनीषा राव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति–2020 एक परिचय विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 मनीषा राव के द्वारा नई शिक्षा नीति पर सम्बोधन दिया गया तथा डॉ0 सन्ध्या सक्सेना द्वारा विस्तार पूर्वक छात्राओं की बताया गया।

हिन्दी दिवस समारोह पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 मनीषा राव की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका **''स्वाधीनता आन्दोलन में हिन्दी''** था। इसमें वक्ताओं के अतिरिक्त छात्राओं ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया।

2 अक्टूबर, 2022 राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 153वीं जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रामधुन की प्रस्तुती की। महाविद्यालय में अर्न्त महाविद्यालयी उद्यमिता मेले का आयोजन दिनांक 14.11.2022 को किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों ने प्रतिभागिता की।

74 वें गणतंत्र के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 मनीषा राव ने महाविद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज के ध्वजारोहण से किया। तत्पश्चात् शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) उ0प्र0 के संदेश का वाचन किया गया।

महाविद्यालय में भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, बरेली में महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय (दिनांक 01.02.2023 एवं 02.02.2023) हस्तशिल्प कार्याशाला का आयोजन किया गया।

## क्रीड़ा व युवा महोत्सव उमंग

महाविद्यालय में दिनांक 17.01.2023 से दिनांक 20.01.2023 तक चलने वाले चार दिवसीय कार्यक्रम ''युवा महोत्सव उमंग'' के अन्तर्गत प्रथम दिवस में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर हीट्स दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला प्रक्षेपण, चक्का प्रक्षेपण, ऊँची कूद प्रतियोगितायें आयोजित की गई। महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं को पूर्ण शुचिता एवं खेल भावना को बनाये रखने के लिए प्रतियोगिताओं को सम्पन्न करने में अपना पूर्ण सहयोग दिया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक समस्त क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की।

''युवा व क्रीड़ा महोत्सव उमंग'' के अन्तर्गत द्वितीय दिवस में भाला फेक, रिले, लम्बी कूद एवं 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा स्वर्णिका को क्रीड़ा चैम्पियन घोषित किया गया।

''युवा महोत्सव उमंग'' के अन्तर्गत तृतीय दिवस में कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो0 मनीषा राव ने किया। तृतीय दिवस एवं चतुर्थ दिवस में आयोजित की गयी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, सृजनात्मकता, रूचिओं और कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में रोहिलखण्ड विश्वविद्यालय से प्रो0 तूलिका सक्सेना एवं साहू रामस्वरुप की प्रो0 ज्योति शर्मा एवं प्रो0 रूचि गुप्ता उपस्थित रहीं।

**कैरियर काउन्सिलिंग एवं प्लेसमेन्ट प्रकोष्ठ**

महाविद्यालय में एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के सेवायोजन सूचना एवं मन्त्रणा केन्द्र के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**पुरातन छात्रा एवं अभिभावक परिषद सम्मेलन**

दिनांक 21.03.2023 को महाविद्यालय में पुरातन छात्रा एवं अभिभावक परिषद के तत्वाधान में एक पुरातन छात्रा एवं अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

**महिला प्रकोष्ठ**

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महिला सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य शिक्षा जैसे विषयों पर समय–समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं।

**सड़क सुरक्षा सप्ताह दिनांक 05.01.2023 से 04.02.2023 तक**

दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार के अनुपालन में एक जिलास्तरीय एवं मण्डल स्तरीय क्विज, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 05.01.2023 से 04.02.2023 तक यातायात माह मनाया गया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना**

वर्तमान में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयाँ कार्यरत हैं। वर्तमान में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में असि0प्रो0 रिंकू कुमार एवं डॉ0 विकास वर्मा पटेल ने पूरे जोश के साथ कार्यभार संभाला हुआ है। वर्तमान सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयाँ सामान्य कार्यक्रम एवं पूर्व निर्धारित 7 दिवसीय शिविरों के अतिरिक्त स्वयंसेवी छात्राओं ने वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में विभिन्न कार्यक्रमों में संलग्न रहीं। इस सत्र में सरदार वल्लभ भाई जी की 146 वीं जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई का शिविर दिनांक 17.03.2023 से दिनांक 23.03.2023 तक एवं द्वितीय इकाई का शिविर दिनांक 15.02.2023 से दिनांक 21.02.2023 तक कैम्प लगाया गया।

मतदाता जागरूकता

उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 में मतदाता जागरूकता (स्वीप) योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय स्तर पर तथा महाविद्यालय एवं मण्डलीय स्तर पर अन्य महाविद्यालयों से भी मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम शासन की रूपरेखा के अनुसार प्रतिदिन आयोजित कराये गये। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, रैली, नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक, मतदाता– अभिभावक शपथ, ऑनलाईन वेबिनार, जिंगल के माध्यम से जन सामान्य में जागरूकता फैलायी जा गई।

रेंजर्स

मण्डलीय स्तर पर रोवर/रेंजर्स प्रभारियों की बैठक महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रदीप गुप्ता, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली रहे। जिन्होंने स्काउट/गाइड की आजीवन सदस्यता लेने के महत्त्व तथा कैरियर में स्काउट गाइड सोपान प्रमाण पत्र के महत्त्व बताए गए। वर्तमान में रेंजर्स की महाविद्यालय में दो रेंजर्स इकाईयाँ उ0प्र0 स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में पंजीकृत हैं। छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु समय–समय पर महाविद्यालय में होने वाले समस्त आयोजनों में रेंजर्स की इकाईयाँ सक्रिय सहयोग देती हैं। इसके अतिरिक्त रेंजर्स की छात्राओं ने समाज में जागरूकता से जुड़ी विभिन्न रैलियाँ जैसे–स्वच्छता, राष्ट्रीय एकता, मतदान जागरूकता, बेटी–बचाओं बेटी पढ़ाओ निकाली हैं। दिनांक 06.02.2023 से 10.02.2023 तक को रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण हेतु श्री पुष्पकान्त शर्मा एवं कु0 मीनू शर्मा जिला

मुख्यालय आयुक्त भारत स्काउट/गाइड बरेली विशिष्ट अतिथि श्री हरी लाल शर्मा ने छात्रओं को रेंजर्स से जुड़ी विभिन्न व्यवहारिक जानकारियाँ दीं। रेंजर्स की समस्त गतिविधियाँ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 मनीषा राव के संरक्षण एवं उत्साहवर्धन से पूर्ण हुईं हैं।

**उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय**

महाविद्यालय में उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र संचालित है। योगा डिप्लोमा 02 छात्राएं पंजीकृत हैं।

महाविद्यालय में राज्य सरकार की दशमोत्तर **छात्रवृत्ति** योजना के अन्तर्गत सत्र 2022—23 विभिन्न वर्गों में कुल **1146** छात्राओं के आवेदन पत्र अग्रसारित किये गये।

महाविद्यालय की प्राचार्य व सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के द्वारा समय—समय पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली द्वारा गठिन की गयी विभिन्न जाँच समितियों में पूर्ण निष्ठा से कार्य किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं प्राध्यापकों प्रो0 सन्ध्या सक्सेना, प्रो0 संजय बरनवाल, श्री सचिन गिहार, डॉ0 रन्जू राठौर, डॉ0 फौजिया खान, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हिमशिखा यादव, डॉ0 विकास वर्मा पटेल ने विभिन्न संस्थानों/महाविद्यालयों में विभिन्न रिसोर्स पर्सन के रूप में व्याख्यान दिये गये।

**प्राध्यापकों की अकादमिक उपलब्धियाँ**

महाविद्यालय के प्राध्यापक शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्तम योगदान दे रहें हैं। राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने वाले जर्नल एवं पत्रिकाओं में उनके शोध—पत्र प्रकाशित होते हैं। इस सत्र में प्रो0 मनीषा राव को डेली इनसाइडर, बरेली ने पावर फुल महिला के रूप में पुरुस्कृत किया। एम0जे0पी0 विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान कन्वीनर भी है। विद्या परिषद की सदस्य भी हैं। पी0—एचडी0 प्री कोर्स का पाठ्यक्रम, एम0एससी0, एम0ए0 व बी0एससी0 का पाठ्यक्रम डिजाइन किया। समस्त प्राध्यापक समय—समय पर सेमीनार/कार्यशाला/अल्प अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय—समय पर प्रतिभाग करते रहें है। महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ समिति द्वारा प्राचार्य महोदया के निर्देशन में विभिन्न प्राध्यापकों के प्रोन्नति हेतु आवेदन पत्रों की जाँच एवं अग्रसारण किया गया। प्राध्यापकों द्वारा समय—समय पर विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध पत्र एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित किये गये।

प्रो0 मनीषा राव के शोध निर्देशन में 03 शोधार्थी, डॉ0 सन्ध्या के शोध निर्देशन में 03 शोधार्थी एवं डॉ0 रन्जू राठौर के शोध निर्देशन में 03 शोधार्थी शोधरत हैं।

महाविद्यालय का सुव्यवस्थित पुस्तकालय व वाचनालय, वाई—फाई कैम्पस, कम्प्यूटरीकृत कार्यालय सुदृढ़ परीक्षा व्यवस्था, छात्राओं की सुरक्षा के लिए CCTV Cameras तथा पठन—पाठन का रचनात्मक वातावरण यहां की उत्तम व्यवस्थाओं के परिचायक है। महाविद्यालय की छात्रायें निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय परिवार छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। महाविद्यालय की छात्रायें ज्ञान प्राप्ति व प्रसार के पुनीत कार्य के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सफलता अर्जित करें तथा राष्ट्र निर्माण के पावन कार्य में योगदान करें, ऐसी हमारी आकांक्षा है।

दिनांकः

प्राचार्य (कार्यवाहक)
वी0आर0ए0एल0राजकीय
महिला महाविद्यालय,बरेली।